आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...



सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में हम बार बार डॉक्टर के पास न जाएं ऐसे में एक शादी का खास वीडियो प्रेरित कर सकता है, जिसमें दूल्हा और दुल्हन शादी के मंडप में पुशअप लगा रहे हैं।

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-205● कटनी ● शनिवार, 28 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष -6 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

# बदला काबुल हमले का प्लानर ढेर, और हमलों की आशंका

**काबुल।** अमेरिका ने काबुल एयरपोर्ट हमले का बदला लेना शुरू कर दिया है। पेंटानग से मिली जानकारी के मुताबिकर, अमेरिकी सेना ने इस्लामिक स्टेट-(ISIS-K) को निशाना बनाते हुए अफगानिस्तान में एयर स्ट्राइक की है। ड्रोन से की गई बमबारी में कई आतंकियों के मारे जाने की सूचना है। हालांकि अमेरिकी सेना द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आधिकारिक जानकारी दी जाएगी। बता दें, गुरुवार रात काबुल एयरपोर्ट के बाहर हुए आत्मघाती हमलों में 100 से अधिक लोग मारे गए थे। इनमें 13 अमेरिकी सैनिक भी शामिल थे। इसके बाद राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा था कि वे इस हमले के जिम्मेदार लोगों का पता लगाएंगे और उन्हें इसकी कीमत चुकाना होगी। हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट के खोरासन ग्रुप ने ली थी, जिसे अभी सबसे ज्यादा खूंखार माना जाता है।

## काबुल हमले के मास्टरमाइंड को मार गिराने का दावा

अमेरिकी सेना के हवाले से जारी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इस हमले में काबुल हमले का मास्टरमांड मार गिराया गया है। ये हमले नंगरहाल प्रांत में किए गए। ये इलाका इस्लामिक स्टेट का गढ़ माना जाता है। यही अमेरिका ने 2017 में मदर ऑफ ऑल बम का प्रयोग किया था और तब आईएस के बड़े कमांडर हाफिज सईद खान को मार गिराने का दावा किया था। इस बीच, एक अन्य घटनाक्रम के तहत अमेरिकी सेना ने काबुल एयरपोर्ट के बाहर जुटे लोगों को जगह खाली करने को कहा है। अमेरिका को आशंका है कि यहां अभी और हमले हो सकते हैं। अमेरिकी सेना की ताजा कार्रवाई के बाद आतंकी बदले की कार्रवाई के लिए भी हमले कर सकते हैं।




## मसूद ने की तालिबानी नेताओं के साथ मीटिंग, कश्मीर पर मांगी मदद



अफगानिस्ता पर ताबिलान के कब्जे के बाद से आशंका जताई जा रही है कि क्या अब कश्मीर में आतंकवाद बढ़ जाएगा। ताजा रिपोर्ट तो इसी ओर इशारा कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जैश प्रमुख मसूद अजहर ने तालिबानी नेताओं के साथ बैठक की है और कश्मीर के लिए मदद मांगी है। अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद खुशी जाहिर की थी और कहा था कि इसी तरह वे कश्मीर में हासिल करेंगे। बता दें, आर्टिकल 370 हटने के बाद कश्मीर घाटी में आतंकी संगठनों की कमर टूट गई है। कई बड़े दहशतगर्द मारे गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जैश प्रमुख मसूद अजहर अगस्त के तीसरे हफ्ते में कंधार गया था और वहां तालिबान के नेताओं से मिला था। मीटिंग का मकसद कश्मीर में तालिबानी आतंकियों की मदद लेना है। मसूद अजहर ने मुल्ला अब्दुल गनी बरादर सहित तालिबान नेताओं से मुलाकात की है। बता दें, मसूद अजहर आतंकियों का वही आका है जिसे इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट आईसी 814 में यात्रियों की सुरक्षा के बदले जेल से रिहा किया गया था। इस विमान को आतंकवादियों ने हाईजैक कर लिया था। फ्लाइट काठमांडू से लखनऊ आ रही थी।

## क्विक अपडेट



### सपा में शामिल हुए मुख्तार अंसारी के भाई सिब्कातुल्लाह

**लखनऊ।** पूर्वांचल की सियासत में खासा दखल रखने वाले बसपा के बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी के बड़े भाई सिब्कातुल्लाह अंसारी शनिवार को समर्थकों के साथ सपा में शामिल हो गए। उनके साथ अंबिका चौधरी ने भी सपा की सदस्यता ले ली। सिब्कातुल्लाह अंसारी गाजीपुर के मोहम्मदाबाद विधानसभा सभा क्षेत्र से 2007 में सपा और 2012 में कौमी एकता दल से विधायक रहे। 2017 में बसपा से मैदान में उतरे, लेकिन पराजय का सामना करना पड़ा। पंचायत चुनाव के दौरान ही अंसारी बंधुओं के हाथी से उतर कर साइकिल पर सवार होने की रणनीति तैयार की गई। इसके लिए कई दौर की बातचीत की गई।

### राष्ट्रपति कोविंद ने रखी पहले आयुष विश्वविद्यालय की नींव

**गोरखपुर।** चार साल के भीतर दूसरी बार गोरखपुर आए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को भटहट के पिपरी में स्थित प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी। राष्ट्रपति सुबह सेना के वायुयान से गोरखपुर एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से वायुसेना के हेलीकॉप्टर से भटहट के पिपरी पहुंचे। शिलान्यास समारोह में देश की प्रथम महिला सविता कोविंद, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ मौजूद रहे।

### यूपी की राजधानी में प्रॉपर्टी डीलर का दिनदहाड़े अपहरण

**लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार की सदर तहसील के पास स्थित पावर हाउस से शुक्रवार को एसयूवी सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े असलहों के बल पर प्रॉपर्टी डीलर को अगवा कर लिया। इसके बाद उसकी पत्नी को कॉल कर पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी। महिला ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने दो घंटे की मशक्कत के बाद विभूतिखंड इलाके के मंडी परिषद कार्यालय के पास से तीन अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर पीड़ित को छुड़वाया। वहीं, एक आरोपी फरार हो गया।



## खंडवा में सीएम ने किया 19 करोड़ के भवन का लोकार्पण

**खंडवा।** खंडवा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 12.33 बजे हेलीपैड पर उतरे यहां भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद वह सीधे हरसूद रोड स्थित रविंद्र भवन के लोकार्पण के लिए पहुंचे। भवन के लोकार्पण के बाद उन्होंने पौधारोपण किया इसके बाद इसी भवन में मुख्य आयोजन के अंतर्गत उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना हितग्राहियों को 627 करोड़ रुपये की राशि का आनलाइन वितरण किया। इस दौरान उन्होंने आवास योजना के चार हितग्राहियों को आवास की चाबी भेंट की।

### भोपाल के मिसरोद का मामला, आर्थिक संकट से जूझ रहा था परिवार

## दो बच्चों का गला काट दंपती ने खाया जहर, पिता और बेटे की मौत



**भोपाल।** राजधानी के मिसरोद थाना स्थित सहारा स्टेट में आर्थिक तंगी के चलते एक व्यक्ति ने अपने दो बच्चों का टाइल्स काटने वाले कटर से गला काट दिया। इसके बाद पति-पत्नी ने जहर पी लिया। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात हुई इस घटना में पिता-पुत्र की मौत हो गई है। मां-बेटी को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरणासन्न बयान में महिला ने आर्थिक तंगी के कारण इस तरह का कदम उठाने की बात कही है। मिसरोद थाना प्रभारी रवि पुत्र लक्ष्मणराव ठाकरे (55), 102, मल्टी सहारा एस्टेट में परिवार के साथ रहते थे। रवि सिविल इंजीनियर था और एक निजी फर्म में काम करता था। रवि, पत्नी रंजना ठाकरे (50) पुत्र चिराग ठाकरे (16) और बेटी गुंजन ठाकरे (14) के साथ रहता था। शनिवार सुबह पड़ोसियों ने रवि के घर का हृदय विदारक दृश्य देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। चेक करने पर पाया कि रवि ठाकरे और उसके बेटे चिराग की मौत हो चुकी थी। पत्नी रंजना और बेटी गुंजन की हालत गंभीर बनी हुई थी। मां-बेटी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से टाइल्स काटने वाला खून से सना कटर और कीटनाशक की शीशी बरामद की है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी साईंकृष्ण थोटा, एएसपी राजेशसिंह भदौरिया, एसडीओपी अमित मिश्रा मौके पर पहुंच गए थे। प्रारंभिक जांच में पता चला कि नौकरी छूट जाने के बाद परिवार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा था। संभवतः इसी वजह से परिवार के मुखिया रवि ठाकरे ने इस तरह का आत्मघाती कदम उठा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पंजाब कांग्रेस में घमासानः राहुल गांधी से मिलने पहुंचे हरीश रावत



**चंडीगढ़।** नवजोत सिंह सिद्धू के सलाहकार के इस्तीफे के बाद पंजाब कांग्रेस के अंदर का विवाद एक बार फिर सामने आ गया है। एक दिन पहले सिद्धू ने पार्टी के आलाकमान को फैसले लेने की छूट न देने पर ईंट से ईंट बजा देने की चेतावनी दी थी। इसके अलगे ही दिन पंजाब प्रभारी हरीश रावत राहुल गांधी से मिलने उनके घर पहुंच चुके हैं। राहुल गांधी से मिलने से पूर्व उन्होंने मीडिया को दिए बयान में कहा कि हर किसी को पता है कि उन्हें क्या करना है। सभी का अपना तरीका होता है। इसे बगावत कहना ठीक नहीं है। माना जा रहा है कि हरीश रावत की मुलाकात सोनिया से भी हो सकती है।

## 'BH' नामक एक नया व्हीकल रजिस्ट्रेशन मार्क



**नई दिल्ली।** यदि आप कोई ऐसी नौकरी करते हैं जिसमें आपका देश के अलग-अलग हिस्सों में ट्रांसफर हो सकता है। या फिर आप कोई ऐसा काम करते हैं जिसमें आप बार-बार देश भर में अपना ठिकाना बदलते हैं। रजिस्ट्रेशन को ट्रांसफर करने की प्रक्रिया से गुजरने की परेशानी से बचना चाहते हैं, तो आपके लिए कुछ अच्छी खबर है। केंद्र ने सभी वाहनों में भारत सीरीज या 'BH' नामक एक नया व्हीकल रजिस्ट्रेशन मार्क (वाहन पंजीकरण चिह्न) पेश किया है।

## गुजरात के डिप्टी सीएम नितिन बोले-जब तक 'हिंदू बहुसंख्यक हैं, तभी तक देश में कानून का राज'

### बीजेपी नेता के बोल पर मचा बवाल, अल्पसंख्यकों को भी कहा देशभक्त




**गांधीनगर।** गुजरात के उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल का एक बयान इन दिनों सुर्खियां बटोर रहा है और हो सकता है कि इस पर सियासत भी शुरू हो जाए। दरअसल गुजरात के डिप्टी सीएम नितिन पटेल ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कहा कि देश में संविधान, धर्मनिरपेक्षता और कानून का शासन तभी तक चलेगा, जब तक देश में हिंदू बहुसंख्यक है। नीतिन पटेल ने कहा कि यदि हिंदू देश में अल्पसंख्यक हो गया तो कुछ भी नहीं बचेगा। उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल ने यह बात गांधीनगर में भारत माता मंदिर में एक कार्यक्रम के दौरान कही। गौरतलब है कि गुजरात के इस मंदिर को देश का पहला भारत माता का मंदिर माना जाता है। डिप्टी सीएम ने कहा, मेरे बात का वीडियो रिकॉर्ड कर लें भारत माता मंदिर में विश्व हिंदू परिषद द्वारा मूर्ति प्रतिष्ठा महोत्सव पर नितिन पटेल ने कहा कि देश में कुछ लोग संविधान, धर्मनिरपेक्षता के बारे में बात करते हैं, आप मेरी बात का वीडियो रिकॉर्ड कर लें, मेरे शब्दों को नोट कर लें, जब तक देश में हिंदू बहुसंख्यक है, तभी तक संविधान व कानून का शासन रहेगा,जिस दिन हिंदुओं की संख्या घटे लगी, तभी से देश में ना धर्मनिरपेक्षता, ना लोकसभा, ना संविधान बचेगा। सब कुछ दफन कर दिया जाएगा। नितिन पटेल ने ये भी कहा, देश में लाखों मुसलमान देशभक्त है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए यह भी कहा कि मैं सभी के बारे में बात नहीं कर रहा हूं। मैं यहां साफ कर देना चाहता हूं कि देश में लाखों मुसलमान देशभक्त हैं, लाखों ईसाई देशभक्त है। गुजरात पुलिस बल में हजारों मुसलमान हैं, ये सभी देशभक्त हैं। इस कार्यक्रम में गुजरात के गृहमंत्री प्रदीप सिंह जडेजा सहित के कई शीर्ष नेता मौजूद थे।



### जनधन योजना से हुआ सशक्तीकरणः नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली** जन धन योजना को आज 7 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को बधाई दी। अपने ट्वीट में पीएम ने कहा कि इस पहल ने भारत के विकास की दिशा को बदल दिया। मोदी ने कहा, इस योजना ने आर्थिक समावेश के साथ अनगिनत भारतीयों को सम्मान का जीवन दिया और उनका सशक्तीकरण किया है। बता दें कि जन धन योजना का एलान प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त 2014 को लाल किले किया था।

## 20 साल बाद पाकिस्तान की जेल से रिहा होगा सागर का प्रहलाद



**सागर।** पाकिस्तान की जेल में करीब 20 साल से छूटने की आस लगाए सागर के एक ग्रामीण की अब रिहाई हो रही है। पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह की पहल पर गौरझामर के घोसी पट्टी गांव निवासी प्रह्लाद सिंह को अपने वतन लाया जाएगा। लंबे समय से अपने बेटे का इंतजार कर रहे स्वजनों की आंखों में खुशी के आसू हैं। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी किए गए पत्र में बीएसएफ को भी सूचित कर दिया गया है। पाकिस्तान में भारतीय दूतावास से सूचना है कि बाघा अटारी बॉर्डर से 30 अगस्त को प्रह्लाद को भारत भेजा जाएगा। जानकारी के मुताबिक सागर जिले के घोषी पट्टी गांव का निवासी प्रह्लाद पिता कुंदीलाल सिंह राजपूत वर्ष 1998 में घर से लापता हो गया था। परिवार वालों ने तलाश किया, लेकिन कहीं नहीं मिला। प्रह्लाद मानसिक रूप से कमजोर था। इसी बीच वर्ष 2014 में परिवार वालों को जानकारी मिली कि प्रह्लाद पाकिस्तान पहुंच गया है और पाकिस्तान की जेल में बंद है। मामले को लेकर परिवार वाले सागर एसपी से मिले और मामले की जानकारी दी। एसपी के संज्ञान में मामला आया तो उन्होंने विदेश मंत्रालय से बात की। वेरिफिकेशन होने के बाद प्रह्लाद के जेल से रिहा होने की प्रक्रिया शुरू हुई।

(देखें पेज 5 भी)

### एमसीसी ने काउंसलिंग प्रक्रिया पर लगाई रोक

**चेन्नई।** मेडिकल काउंसलिंग कमेटी ने EWS आरक्षण पर मद्रास उच्च न्यायालय के 25 अगस्त, 2021 के फैसले के संबंध में सुप्रीम कोर्ट से स्पष्टीकरण मांगने के लिए NEET MDS यानी मास्टर्स ऑफ डेंटल सर्जरी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2021 की काउंसलिंग के लिए को अस्थायी रूप से रोक दिया है।

## 30 सितंबर तक लागू रहेंगे कोरोना रोकथाम के उपाय

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। इसमें सबसे ज्यादा भयावह स्थिति केरल में बनी हुई है। बीते तीन दिन से लगातार नए कोरोना संक्रमण के मामले 40 हजार से ज्यादा निकल रहे हैं। केरल में बढ़ते कोरोना संक्रमण के कारण देश में भी संक्रमण के मामले बढ़े हुए दिखाई दे रहे हैं। केरल में लगातार हालात बिगड़ रहे हैं और ऐसे में सीमावर्ती राज्यों में खतरा बना हुआ है और तीसरी लहर को लेकर भी चिंता है। बीते 24 घंटे में पूरे देश में 44 हजार से ज्यादा कोरोना संक्रमण के मामले सामने आए हैं। शनिवार को रिपोर्ट हुए मामलों की संख्या 46 हजार से ऊपर दर्ज की गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि बीते 24 घंटों में कोरोना वायरस के 46,759 नए मामले सामने आए हैं और 31,374 लोग कोरोना से ठीक हुए हैं। देश में कोरोना संक्रमण के



बढ़ते मामलों के लिए केरल को इसलिए जिम्मेदार माना जा रहा है क्योंकि देश में बीते 24 घंटे में 46759 नए केस मिले हैं, वहीं अकेले केरल में ही 32801 मामले सामने आए हैं। बीते 24 घंटे में केरल में 18,573 लोगों की रिकवरी हुई है, वहीं पॉजिटिविटी रेट 19.22 फीसदी के करीब है। फिलहाल केरल में 1,95,254 सक्रिय केस हैं और अभी तक राज्य में 20,313 लोगों की मौत हो चुकी है।

### अभी तक 3 करोड़ 26 लाख लोग संक्रमित

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि भारत में अभी तक कोरोना संक्रमण से 3 करोड़ 26 लाख 49 हजार 947 लोग प्रभावित हो चुके हैं, वहीं 3 करोड़ 18 लाख 52 हजार 802 लोग ठीक हुए हैं। अभी देश में 3 लाख 59 हजार 775 सक्रिय केस हैं और कोविड-19 महामारी से अभी तक 4 लाख 37 हजार 370 लोगों की मौत हो चुकी है। वैक्सीन अभियान की बात की जाए तो बीते 24 घंटे में एक करोड़ से अधिक लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया है।

### फेस्टिव सीजन में बढ़ेगी सैलरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2021 से केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को महंगाई भत्ता देना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि हाल ही में केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ता (DA) को 17 फीसदी से बढ़ाकर 28 फीसदी कर दिया है। लेकिन अब केंद्रीय कर्मचारियों को केंद्र सरकार की ओर से एक और खुशखबरी मिल सकती है। जल्द की इस बावद घोषणा हो सकती है।




## सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद भावुक हो गई थीं भाविना, तिरंगे से लिपटकर यूं छलक पड़े थे आंसू



**टोक्यो।** आपरेशन के बाद पोलियो से उबरने को बताई गई एक्सरसाइज में की गई ढिलाई ने भाविना को जिंदगी भर के लिए व्हील चेयर पर ला दिया, लेकिन टेबल टेनिस उनकी जिंदगी में आया तो ढिलाई शब्द उनकी जीवन से निकल गया। यह टेबल टेनिस था जिसके लिए वह कॉकरोच और कीड़ों से भरे अहमदाबाद की एक झोपड़पट्टी में भी रहीं। टेबल टेनिस के लिए ही उन्होंने अपने गांव से 30 किलोमीटर दूर का सफर चार ऑटो और बस बदलकर कई वर्षों तक किया, लेकिन भवीना का यह संघर्ष टोक्यो में रंग ले आया। हकीकत यह है कि सेमीफाइनल में पहुंचने के एक घंटे बाद तक यह तय नहीं हो पा रहा था कि भाविना का पदक पक्का हो गया है या नहीं। जब जॉर्डन के कोच ने भाविना के पति निकुल को बताया कि पदक पक्का है तो फिर वह तिरंगें में लिपटकर ऐसी रोईं कि मानों भगवान से मुंह मांगी मुराद पूरी कर दी हो।



## 24 घंटे में एक करोड़ टीके लगने से खुश हुई डब्ल्यूएचओ की मुख्य वैज्ञानिक

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना महामारी के खिलाफ तेज गति से टीकाकरण अभियान चल रहा है। शुक्रवार को पहली बार देश में एक दिन में एक करोड़ से अधिक कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई गईं। वहीं भारत द्वारा इस शानदार लक्ष्य को प्राप्त करने के बाद प्रधानमंत्री से लेकर वैज्ञानिकों तक ने स्वास्थकर्मियों को बधाई दी। इसी क्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की मुख्य वैज्ञानिक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने 50 फीसद वयस्क आबादी को कोरोना टीके की पहली खुराक लगाने के लिए देश को बधाई दी। सौम्या स्वामीनाथन ने ट्वीट करते हुए लिखा कि भारत में वयस्क आबादी का 50 फीसदी कवरेज यानी 50 फीसदी वयस्क को कम से कम एक खुराक लगा दी गई है। अब तक देश में 62 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं। वहीं पिछले दिन एक करोड़ खुराक लगाई गईं जो कि ऐतिहासिक है। इसमें शामिल हजारों स्वास्थ्यकर्मियों को बधाई। सार्वजनिक स्वास्थ्य और व्यक्तिगत निवारक उपायों के साथ टीकाकरण सभी की रक्षा करेगा।



# गांव की लाड़लियां भरेंगी हौंसलों की उड़ान

## 55 बालिकाओं की छह माह की नि :शुल्क ट्रेनिंग भोपाल में,प्रशिक्षण के बाद मल्टीनेशनल कंपनियों में दिलाया जाएगा प्लेसमेंट

**कटनी।** जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए हौंसला सबसे बड़ी जरूरत है। कहते हैं जहां हौंसला होता है वहां मंजिल मिलना स्वाभाविक है। ऐसे ही कुछ हौंसलों की उड़ान भरी है जिले 55 लाड़लियों ने। जिले से चयनित होकर बालिकाओं को भोपाल में प्रशिक्षण के लिए भेजा गया और छह माह के प्रशिक्षण के बाद मल्टीनेशनल कंपनियों में उनका प्लेसमेंट राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से कराया जाएगा। जिले में 7 अगस्त से 22 अगस्त तक एनआरएलएम के माध्यम से टीम ने शिविरों का आयोजन किया था। जिसमें गांव के बेटियों का निरूशुल्क प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ।

### तीन ट्रेड का दिया जाएगा प्रशिक्षण

भोपाल में जिले से चयनित बेटियों को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत तीन ट्रेड का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें छह माह का वेयर हाउस प्रबंधनए रीटेल और इलेक्ट्रानिक टेक्नीशियन का कोर्स होगा। इतना ही नहीं प्रशिक्षण के दौरान ही बेटियों को अंग्रेजी और कम्प्यूटर का ज्ञान भी दिलाया जाएगा। इसके अलावा वे अपना व्यवहारए पहनावाए बोलचाल कैसा रखेंए इसके लिए पर्सनालिटी डेवलपमेन्ट कोर्स का भी प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

### ट्रेनिंग के बाद दिलाएं रोजगार

भोपाल में दो स्थानों पर बालिकाओं को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें चार माह प्रशिक्षण होगा और एक माह प्रशिक्षण केन्द्र में ही फील्ड का ज्ञान कराया जाएगा। उसके बाद प्लेसमेंट कराते हुए संबंधित कंपनी में बालिकाओं को एक माह फील्ड की जानकारी लेनी होगी। जिसके बाद वे प्लेसमेंट कंपनी में जॉब से जुड़ेंगी। इससे पहले भी एनआरएलएम के माध्यम से बालिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं और हैदराबाद की विभिन्न कंपनियों में जॉब कर रही हैं।

### सबसे अधिक विजयराघवगढ़ की बालिकाएं

छह माह के प्रशिक्षण के लिए शिविर के दौरान सबसे अधिक 27 बालिकाओं का चयन विजयराघगढ़ क्षेत्र से हुआ है। इसके अलावा बड़वारा से 22ए ढीमरखेड़ा से 4 और बहोरीबंद क्षेत्र से 3 बालिकाओं का चयन किया गया। ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे के मार्गदर्शन में शिविर लगाए गए थे। एनआरएलएम जिला परियोजना प्रबंधक शबाना बेगम की मौजूदगी में बालिकाओं को समारोहपूर्वक प्रशिक्षण के लिए विदा किया गया।

# टीकाकरण के लिये शहरी क्षेत्र में बनाए गए 9 केन्द्र

## 4 केन्द्रों में कोवेक्सीन और 5 केन्द्रों में कोवीशील्ड के पहले और दूसरे डोज के लिये होगा वैक्सीनेशन

**कटनी।** शासन के निर्देशानुसार 28 अगस्त को कोविड.19 वेक्सीनेशन के महा अभियान का द्वितीय चरण के तहत टीकाकरण सत्रों का आयोजन होगा इसके लिये नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत टीकाकरण के लिये 9 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉण् समीर सिंघई ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत? 28 अगस्त को आयोजित होने वाले टीकाकरण केन्द्रों में से 4 केन्द्रों पर कोवैक्सीन के पहले और दूसरे डोज के लिये टीकाकरण सत्रों का आयोजन होगा। वहीं शेष 5 केन्द्रों में कोवीशील्ड वैक्सीन के लिये टीकाकरण किया जायेगा। इन सभी निर्धारित केन्द्रों में ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन के माध्यम से वेक्सीन लगाई जायेगी। जिसमें नागरिक अपने आधार कार्ड या अन्य कोई भी शासकीय फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर अपना वेक्सीनेशन करा सकते हैं। निर्धारित केन्द्रों के अनुसार कटनी शहरी क्षेत्र अंतर्गत पुरानी कचहरी परिसरए बस स्टेण्ड ऑडिटोरियमए शेरावाली मंदिर राजीव गांधी वार्डए ऑर्डिनेन्स हॉस्पिटल कटनी में कोवेक्सीन टीके के पहले और दूसरे डोज के लिये टीकाकरण सत्र आयोजित होंगे। इसी प्रकार पुरानी कचहरी परिसरए सामुदायिक भवन जालपा वार्डए रेल्वे हॉस्पिटल एनकेजेए एसीसी हॉस्पिटल कटनी और झूलेलाल मंदिर माधवनगर में कोवीशील्ड वैक्सीन की पहली और दूसरी डोज के लिये टीकाकरण सत्र आयोजित किये जायेंगे।



# 30 दिन का दिया सिलाई प्रशिक्षण आत्मनिर्भर बनेंगी महिलाएं

## अब स्व रोजगार से जुड़ने महिलाएं समूह की राशि से कर सकेंगी कार्य

**कटनी।** जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े समूहों की महिलाओं को स्व रोजगार से जोड़ने लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। समूह की सदस्यों को अब सिलाई संबंधी 30 दिन का प्रशिक्षण दिया गया है ताकि वे अपने गांव में ही आजीविका का साधन तैयार कर सकें। महिलाएं प्रशिक्षण के बाद समूह के स्वायत्तों की राशि के माध्यम से मशीन आदि खरीदकर सामूहिक रूप से भी कार्य कर सकेंगी। महिलाओं को 30 दिन में सिलाई के गुण सिखाने के साथ ही विक्रयए बाजार का ज्ञान भी कराया गया। आरसेटी के माध्यम से आजीविका मिशन द्वारा महिलाओं को प्रशिक्षण दिलाया गया और उसके बाद उन्हें प्रमाण पत्र भी दिए गए ताकि वे अपना स्वयं का कार्य या योजना बनाकर सामूहिक रूप से कार्य प्रारंभ कर सकें। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रशिक्षण ली चुकी महिलाओं का आगे के लिए मार्गदर्शन कर प्रमाण पत्र दिए गए। जिसमें एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज बेहेराए एनआरएलएम की अंकिता मरावीए नेहा व्यासए आरसेटी डायरेक्टर व्हीके जैन व मनोहर लाल अहिरवाल ने महिलाओं का मार्गदर्शन किया। राष्ट्रीय आजीविका मिशन जिला परियोजना प्रबंधक शबाना बेगम के मागदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण के अंतिम दिन अतिथियों ने महिलाओं का स्व रोजगार से जुड़ने के लिए हौंसला बढ़ाया। साथ ही प्रशिणार्थी वर्षा मांझीए अंजनी चौधरी सहित अन्य जनों ने प्रशिक्षण के दौरान के अपने अनुभव भी साझा किए।

# कटनी-शहडोल रेलखंड पर यात्री ट्रेनों के परिचालन में ध्यान नहीं दे रहा रेलवे

**प्रदेश के आदिवासी अंचल अनूपपुर, शहडोल, उमरिया के हजारों यात्री कटनी आने के लिए प्रतिदिन हो रहे परेशान**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के अधिकारियों का बिलासपुर-कटनी लाइन में मालगाड़ी परिचालन पर ज्यादा ध्यान**



**कटनी।** शहर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में व्यापारिक खरीददारी, पढ़ाई, नौकरी-पेशा व कटनी जंक्शन से दूसरी दिशा की ट्रेन पकड़ने से लेकर अन्य ट्रेनों से आकर मध्यप्रदेश के उमरिया, शहडोल व अनूपपुर सहित अन्य स्थानों तक जाने वाले रेल यात्री परेशान हैं। कटनी साउथ स्टेशन पर मंगलवार को जबलपुर-अंबिकापुर ट्रेन से यात्रा कर रहे यात्रियों ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के अधिकारी बिलासपुर से कटनी लाइन में मालगाड़ी परिचालन पर ज्यादा ध्यान देते हैं। जनसुविधाओं के लिहाज से समय निर्धारित कर यात्री व मेमू ट्रेन नहीं चलाने से मध्यप्रदेश के आदिवासी अंचल अनूपपुर, शहडोल व उमरिया सहित अन्य क्षेत्र के हजारों यात्री प्रतिदिन परेशान हो रहे हैं। अंचल के यात्रियों को जरुरी यात्री ट्रेन सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है।

### इस तरह हो रही उपेक्षा

मध्यप्रदेश के आदिवासी अंचल के लोग लंबे अरसे से एक ऐसी मेमू ट्रेन की मांग कर रहे हैं जो अनूपपुर की ओर से सुबह 11 बजे तक कटनी पहुंचे और वापसी शाम 5 बजे हो। गौरतलब है कि कटनी से बिलासपुर लाइन में कटनी से आगे झलवारा से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन प्रारंभ हो जाता है। ऐसे में ट्रेन उसी जोन से चलनी है और यात्रियों की जरुरी मांगे पूरी नहीं हो पा रही है।

### बिलासपुर से रायपुर व रायगढ़ लाइन पर ज्यादा ध्यान

रेल यात्री संघ के अध्यक्ष सलीम खान का कहना है कि कटनी तक सुबह 11 बजे पहुंचने और शाम 5 बजे उमरिया, शहडोल व अनूपपुर वापसी के लिए एक मेमू ट्रेन चलाने की मांग लंबे अरसे से की जा रही है। इस बारे में रेलवे जोन बिलासपुर को कई बार मांग रखी गई है लेकिन यह मांग अब तक पूरी नहीं हुई। पहले चिरिमिरी-कटनी शटल 51606/51605 चलती थी लेकिन कोरोना काल के दो साल से यह ट्रेन बंद है। इस बारे में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के सीपीआरओ साकेत रंजन बताते हैं कि फिलहाल कटनी के लिए मेमू व दूसरी पैसेंजर ट्रेन चलाने को लेकर बोर्ड से किसी प्रकार के निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं।

# लक्ष्य से अधिक किया वैक्सीनेशन

## कलेक्टर, एसपी ने प्रभारी मंत्री को सौंपी दो दिवसीय टीकाकरण की जानकारी

**कटनी।** जिले में दो दिवसीय वैक्सीनेशन महाअभियान में लक्ष्य से बढ़कर टीकाकरण हुआ। दो दिन तक जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा खुद पूरे अमले के साथ टीकाकरण केन्द्रों के भ्रमण पर रहे और लोगों का उत्साह बढ़ाया। उनके साथ जनप्रतिनिधिए अधिकारी




व अन्य अमला भी सक्रिय रहा। महाअभियान के समापन पर गुरूवार की रात को प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा के भोपाल रवानगी से पूर्व कलेक्टर प्रियंक मिश्रा व पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने सांकेतिक रूप से लक्ष्य से अधिक टीकाकरण की जानकारी सौंपी। जिसमें बताया गया कि जिले को 50 हजार वैक्सीन का लक्ष्य मिला था और लक्ष्य से अधिक लोगों ने जिले के टीकाकरण केन्द्रों में पहुंचकर वैक्सीन की प्रथम व द्वितीय डोज ली। लक्ष्य से अधिक वैक्सीनेशन कार्य को लेकर प्रभारी मंत्री ने खुशी जाहिर की और संपूर्ण टीकाकरण तक आगे भी अभियान को जिले में जारी रखने की बात कही। इस दौरान सीएमएचओ डॉण् प्रदीप मुड़ियाए सिविल सर्जन डॉण् यशवंत वर्मा मौजूद थे।

# लकड़ी और बांस उत्पादक किसानों को अब अनुज्ञा पत्र की होगी ऑनलाइन सुविधा

## प्रायोगिक रूप से मध्यप्रदेश के अलावा तेलंगाना राज्य में होगी यह नई व्यवस्था

**कटनी।** प्रदेश के वन विभाग में लकड़ी और बाँस उत्पादक किसानों और परिवहन कर्ताओं को परमिट प्राप्त करने और नाके पर होने वाली कठिनाईयों को मद्देनजर अब अनुज्ञा पत्र ऑनलाईन के जरिए मिल सकेंगे। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने नेशनल ट्रांजिस्ट पास सिस्टम के तहत प्रायोगिक रूप से मध्यप्रदेश और तेलंगाना राज्य का चयन किया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख रमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि परमिट जारी करने के लिए श्एप्लिकेशन एपश्लाँच किया गया है। इसमें वनोपज व्यापारी और किसान लकड़ी.बाँस के अंतर्राज्जीय के साथ राज्य के भीतर परिवहन के लिए ऑनलाईन अनुज्ञा प्राप्त कर सकेंगे। ऑनलाईन यह सुविधा होने से वन विभाग के संबंधित कार्यालय में चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ परिवहन लागत और समय की बचत से व्यापारियों को लाभ मिलेगा और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### नई व्यवस्था यह होगी

वन विभाग द्वारा विकसित श्एप्लिकेशन वेब पोर्टलश्और श्मोबाईल एपश्के माध्यम से लकड़ी और बाँस परिवहन के लिए ऑनलाईन पंजीकरण कर आवेदन कर ई.भुगतान प्रणाली से भुगतान भी कर सकेंगे। मोबाईल एप की मदद से मूल स्थान से गंतव्य स्थल तक राज्य की सीमाओं पर निर्वाध रूप से परिवहन किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि देश में लकड़ी, बांस और अन्य वनोपजों के परिवहन अलग.अलग राज्यों के विभिन्न कानूनो और नियमों पर आधारित है। एक राज्य में जिस वनोपज को मुक्त रखा गया है वहीं दूसरे राज्य में इसके लिए अनुज्ञा पत्र प्राप्त करना आवश्यक है। इस व्यवस्था में बदलाव लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पारगमन पास प्रणाली लागू होने से पूरे भारत में एक परमिट की सुविधा प्रदान की जाएगी। वन बल प्रमुख श्री गुप्ता ने बताया कि इस प्रणाली के सफल क्रियान्वयन के लिए विभाग ने ट्रांजिस्ट नियमों में जरूरी संशोधन कर नए नियम राजपत्र में 13 मई 2021 को प्रकाशित कर दिए गए हैं। ऑनलाईन पंजीकरण और आवेदन से संबंधित समग्र जानकारी उपलब्ध है।

# 11 सितंबर को आयोजित होगी स्थायी लोक अदालत

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिले के समस्त न्यायालयों एवं अन्य विभागों में 11 सितम्बर 2021 दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, इसके साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण, अधिनियम 1987 की धारा.22 (ए) (बी) के अतंर्गत लोकोपयोगी सेवाओं के लिये स्थायी लोक अदालत आयोजित की जाती है।

यह लोक अदालत प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को आयोजित की जाती है, लोकोपयोगी सेवाओं के अंतर्गत आने वाले वायु, सड़क या जलमार्ग के द्वारा यात्रियों अथवा माल के लिये परिवहन सेवाए पोस्टल, टेलीफोन या दूरभाष सेवा, किसी भी स्थापना द्वारा जनता को विद्युतए प्रकाश या जल की आपूर्तिए सार्वजनिक संरक्षण या स्वच्छता की प्रणाली, अस्पताल या डिस्पेन्सरी में सेवा, बीमा सेवाए आवासीय और संपदा और बैंकिंग एवं वित्त से संबन्धित प्रकरण शामिल हैं। जिले के नागिकों से अपील की गई हैं वे इन संबन्धित बिन्दुओं के संबंध में यदि किसी व्यक्ति की कोई समस्या अथवा परेशानी है, तो तत्सबंध में आवेदन पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर कटनी में प्रस्तुत कर सकते हैं।



# विधिक सेवा प्राधिकरण में आईसीआईसीआई लोम्बार्ड इंश्योरेंस कंपनी की बैठक

**कटनी।**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार श्यामाचरण उपाध्याय, प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी की अध्यक्षता में तथा दिनेश कुमार नोटिया जिला न्यायाधीश, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के निर्देशन में शुक्रवार को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी में बैठक आयोजित हुई। आगामी नेशनल लोक अदालत दिनांक 11 सितंबर 2021 को सफल बनाये जाने तथा पक्षकारों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक मे आईसीआईसीआई लोम्बार्ड इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारी, न्यायाधीशगण तथा बीमा कंपनी के आवेदक एवं अनावेदक अधिवक्ता भी शामिल हुये। जिसमें आपसी समझौते के आधार पर आईसीआईसीआई लोम्बार्ड इंश्योरेंस कंपनी के लगभग 35 प्रकरणों में निराकरण की सहमति बनी। उक्त बैठक में बीमा कंपनी के आवेदक एवं अनावेदक अधिवक्ता उपस्थित रहे। उक्त बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु परिचर्चा करते हुए अधिक से अधिक मामलों के निराकरण की अपील की गई।

# गरीब पक्षकारों का केस नि :शुल्क लड़ रहे अधिवक्ता





## लखापतेरी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का शिविर

**कटनी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला सत्र न्यायालय न्यायधीश श्यामाचरण उपाध्याय, सचिव दिनेश कुमार नोटिया एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी माननीय मनीष कौशिक के मार्गदर्शन में ग्राम लखापतेरी में नालसा एसिड पीड़ितो के लिए शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर के दौरान पीएलवी मनीषा प्यासी ने महिलाओं के अधिकारों एवं उनके लिए सासन द्वारा बनाए गए कानून से की जानकारी दी। इसके साथ ही ई.कोर्ट सर्विस के बारे मै बतायाए घरेलू हिंसा बाल संरक्षण की जानकारी दी। साथ ही गरीब और बेसहारा लोगों निरूशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाने संबंधित जानकारी दी। इसके साथ ही टीकाकरण अभियान के अंतर्गत दोनों डोज लगवाने की अपील भी शिविर में ग्रामीणों से की गई। मीना कश्यप ने ग्राम पंचायतन लगने वाली महासभा में लोगो से आने की अपील की। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगो को शासन की योजना का लाभ मिले।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 28 अगस्त 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper



## उमरियापान के फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### चैक बाउंस के मामले में 2ए 3 वर्ष से था फरार

**उमरियापानए यशभारत।** उमरियापान निवासी गैरम्यादी वारंटी युवक को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। भूपेंद्र कुमार पिता बिहारी लाल तिवारी 35 वर्ष कटरा बाजार मोहल्ला उमरियापान निवासी चैक बाउंस के मामले में 2ए 3 वर्ष से फरार चल रहा था। उमरियापान पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी की आरोपी घर आया है। थाना प्रभारी ने स्टाफ के साथ आरोपी युवक के घर में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को जबलपुर न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी के दौरान थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्माए प्रधान आरक्षक शैलेष दामोहियाए आरक्षक रत्नेश दुवेए भाग सिंहए संतोष दुवे सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## युवा अधिवक्ता रिंकू शुक्ला का निधन



**कटनी।** जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला के भतीजे एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सनद शुक्ला के युवा पुत्र अधिवक्ता दिलीप रिंकू शुक्ला का आकस्मिक निधन हो गया। युवा अधिवक्ता निधन से अधिवक्ता जगत में शोक व्याप्त हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज सुबह 11 बजे चांडक चौक स्थित निवास से मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं के साथ ही सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल शुक्ला परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

# डकैती की योजना बनाते पांच गिरफ्तार

### आरोपियों के पास से कट्टा, कारतूस सहित धारदार हथियार हुए बरामद,दो लूट का खुलासा



**कटनी।** कुठला व कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग लूट की वारदातों को अंजाम देने के बाद डकैती की योजना बनाते पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसमें से एक आरोपी सन 2019 में प्रदेश की राजधानी भोपाल में चोरी के एक मामले में भी आरोपी रह चुका है। मामले का खुलासा शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने किया। पुलिस ने बताया कि आधारकाप निवासी 20 वर्षीय स्वप्निल निषाद, 21 वर्षीय रवि निषाद, 18 वर्षीय टुईंयां उर्फ हेमंत निषाद, इंदिरानगर निवासी 19 वर्षीय अन्नू उर्फ अरुण निषाद व सरलानगर निवासी 21 वर्षीय अजय पांडे मिलकर कुठला थाना अंतर्गत झुरही टोला स्थित गौशाला के पास बैठकर डकैती की योजना बना रहे थे। मुखबिर की सूचना पर विशेष पुलिस दल ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा, जिंदा कारतूस, बका, गुप्ती, मोटरसाइकिल व मोबाइल जप्त किए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 25ए 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह आरोपी जिसमें स्वप्निल निषाद व अनु उर्फ अरुण निषाद ने 23 अगस्त को मोबाइल लूटा था, जिसे जप्त किया गया है। पूछताछ में बताया गया कि अरुण निषाद ने दो घटना को अंजाम दिया है। इसके अलावा 24 अगस्त को राहुलबाग के पास से भी मोबाइल की लूट की गई थी। जिसमें अरुण निषाद के पास से मोबाइल जप्त किए गए हैं। इसमें एक आरोपी आधारकाप निवासी 20 वर्षीय स्वप्निल निषाद ने सन 2019 में भोपाल में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। अन्य मामलों में भी आरोपियों से पूछताछ जारी है। पत्रकारवार्ता में नवागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया, नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला, कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह, रेडियो निरीक्षक एच एल चौधरी, एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में एक विशेष पुलिस दल का गठन किया गया है तो संपत्ति सहित अन्य अपराधों का खुलासा करेगा।

## बरही में ब्राह्मण एकता परिषद की गोष्ठी कल

### मंगल भवन में होगा एक दिवसीय कार्यक्रम

**बरही।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन बरही के विजयनाथधाम मेला प्रांगण स्थित मंगल भवन में रविवार 29 अगस्त को दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। इस संबंध में बरही तहसील अध्यक्ष प्रभाकर तिवारी, जिला अध्यक्ष सुजीत परौहा ने जानकारी देते हुए बताया कि सामाजीक उत्थान एवं विकास विषय पर एक दिवसीय तहसील स्तरीय गोष्ठी में समाज के विकास एवं उत्थान विषय पर परिचर्चा होगी। साथ ही समाज के सतत कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अलग-अलग क्षेत्र में कार्य करने वाले समाजसेवियों, तहसील क्षेत्र के पत्रकारों को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश संयोजक पंडित अवधेश उरमलिया बतौर मुख्यातिथि शामिल रहेंगे। बरही में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में समूचे बरही तहसील क्षेत्र के साथ ही विजयराघवगढ़, कटनी के साथ ही उमरिया जिले के मानपुर ब्लाक के विप्रजन सहभागिता निभाएंगे। कार्यक्रम संयोजक बरही तहसील अध्यक्ष पंडित प्रभाजर तिवारी ने सभी विप्र बंधुओ से कार्यक्रम में सहभागिता निभाने का आग्रह किया है।

## मांसाहारी पदार्थो का क्रय-विक्रय रहेगा बंद

कटनी। जन्माष्टमी पर्व पर 30 अगस्त सोमवार को एवं 3 सितम्बर शुक्रवार को पर्यूषण पर्व का प्रथम दिवस होने के कारण नगर के समस्त पशुवध ग्रह शालाओं में मांसाहारी पदार्थ मुर्गी, मछ्ली, आदि का क्रय विक्रय बंद रहेगा। नगर निगम प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने समस्त पशुवध दुकानदारों को सूचित किया है कि 30 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व एवं 3 सितम्बर को पर्यूषण पर्व का प्रथम दिवस होने के कारण मांसांहारी पदार्थ न बेचे, न खरीदें और न पकाये उक्त आदेश का उल्लंघन करते पाये जाने पर कठोर बैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

## सेकेंड डोज लगवाने सरस्वती स्कूल में आज शिविर

कटनी। जिले में कोविड से बचाव को लेकर टीके का दूसरा डोज भी लोग अनिवार्य रूप से लगवाएं, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। दो दिन के महाअभियान के बाद आज 28 अगस्त को शहरी क्षेत्र के सेवा भारती सरस्वती स्कूल परिसर केन्द्र में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। केन्द्र में कोवैक्सीन व कोवीशील्ड के दूसरे डोज के लिए टीकाकरण ऑनलाइन पंजीयन के माध्यम से ही होगा। विशेष शिविर के लिए 500 डोज का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कोविन पोर्टल के माध्यम से नागरिक अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

## अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश जारी किए जाने की मांग

### शासकीय अध्यापक संगठन ने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**कटनी।** मप्र शासकीय अध्यापक संगठन तहसील शाखा ढीमरखेड़ा के पदाधिकारियों ने प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा को अपनी लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। संगठन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से प्रभारी मंत्री को अवगत कराते हुए मांग की गई की प्रदेश में रुके हुए मंहगाई भत्ते के भुगतान अविलंब कराने एवं पुरानी पेंशन बहाली हेतु जिले में कोरोना काल मे मृत कर्मचारियो के आश्रित परिवार को अनुकम्पा नियुक्ति आदेश जारी किए जाएं। अध्यापक संवर्ग, गुरुजी संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, कम्प्यूटर ऑपरेटरों का नियमतिकरण की मांग की गई। साथ ही जिले के कर्मचारियों के जिले के अंदर निर्विवादित स्थानान्तरण करने के लिये प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जगत पटेल, आशीष चौरासिया, सूर्यकांत त्रिपाठी, सुशील पटेल, दीपक नामदेव, सत्यदेव महोबिया, अवधेश पटेल, सुरेश पाठक, अजय उपाध्याय, सतेंद्र गौतम, रामनाथ पटेल, रूपलाल झारिया, राजीव शुक्ला, राजकुमार मौर्य, शरद चौरसिया, यज्ञदत्त शुक्ला, धर्मपाल पटेल, राजकुमार पटेल, हरप्रसाद केवट, नंदकिशोर तंतुवाय, आनन्द मुकुंद मिश्रा, अरविंद साहू, दिलीप बाजपेई सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## अध्यापकों ने मांगों को लेकर की आवाज बुलंद



**विजयराघवगढ़।** मप्र शासकीय अध्यापक संगठन के पदाधिकारियों ने संगठन के जिला उपाध्यक्ष हरीश दुबे के नेतृत्व में जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा से मुलाकात की एवं ज्ञापन भी सौंपा। संगठन के कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे के निर्देशन में सौंपे गए उक्त ज्ञापन में संगठन ने प्रभारी मंत्री से प्रदेश में रुके हुए मंहगाई भत्ते के भुगतान एवं पुरानी पेंशन बहाली हेतु अनुरोध किया। उक्त अवसर पर हरीश दुबे के साथ राजीव तिवारी, अजय मिश्रा, राजधर बड़गैयां, कुलदीप शुक्ला, राजेश उपाध्याय, सियालाल चौधरी, मो सुबान, मो इकबाल, अखिलेश पटेरिया, विद्याधर बड़गैयां, वृन्दावन चौधरी सहित के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

### क्षेत्र में बंद पड़े ट्रांसफार्मर और खस्ताहाल सड़कों से कराया अवगत



**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान में गुरुवार को वैक्सीनेशन महाअभियान का निरीक्षण करने पहुंचे प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रभारी मंत्री को अवगत कराते हुए कहा कि ढीमरखेड़ा क्षेत्र के कई ग्रामों के ट्रांसफार्मर कई महिनों से बंद पड़े हैं जिस कारण क्षेत्रवासी अंधकार में रहने को मजबूर हैं तो वहीं किसानों की फसलें भी सूख रही हैं। क्षेत्र में कई सड़कें पुलिया भी बदहाल हैं, जिस कारण ग्रामीणों को बारिश में बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उमरियापान से टोला-मोहला जाने वाली सड़क और टोला ग्राम के समीप पुलिया की स्थिति बहुत ही जर्जर है। बिहरिया से खंदवारा ग्राम की सड़क सहित अन्य सड़कों की भी यही हाल है। सभी सड़कों और पुलिया का निर्माण शीघ्र कराये जाने ठेकेदार को निर्देश देने की मांग ज्ञापन सौंपकर की गई है। प्रभारी मंत्री ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आश्वासन देते हुए कहा सभी समस्याओं का जल्द निराकरण किया जाऐगा। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष आनंद मिश्रा, शैलेंद्र पौराणिक, सिद्धार्थ दीक्षित, स्वतंत्र चौरसिया, रवि अवस्थी, राममित्र शर्माए, राजेश पटेल, शुभम नामदेव, अखिल त्रिपाठी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सब जूनियर में सुब्रत, शुभ व अमोल ने दिखाया दम

### टेबिल टेनिस रैंकिंग टूर्नामेंट का शुभारंभ

**कटनी।** जिला टेबल टेनिस संघ कटनी के तत्वाधान में 27 अगस्त से स्थानीय फारेस्टर प्लेग्राउण्ड स्थित टेबल टेनिस हॉल में त्रिदिवसीय रैंकिंग टूर्नामेंट प्रारंभ हुआ, जिसमें सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। टूर्नामेंट के प्रथम दिवस सब-जूनियर एवं जूनियर वर्ग के मैच सम्पन्न हुए। सब जूनियर वर्ग में सुब्रत प्रथम, शुभ झवेरी द्वितीय एवं अमोल द्विवेदी ने तृतीय रैंकिंग हासिल किया। जूनियर वर्ग के क्वार्टर फाइनल तक के मैच सम्पन्न हो गए। सेमीफाइनल में यशवर्धन का मुकाबला सुब्रत से होगा तथा आरव्य की भिड़ंत अर्णव के साथ होगी। सीनियर वर्ग के मैच आज 28 एवं कल 29 अगस्त को होंगे।

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**
**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**
**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने**
**जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**
**मो. 8109417340**



## जर्जर और खस्ताहाल हो गया घंटाघर मार्ग

**सड़क का निर्माण नहीं करा रहा नगर निगम ,कांग्रेस नेता ने क्षेत्रीय नागरिकों के साथ किया सांकेतिक प्रदर्शन**

**कटनी।** जगन्नाथ चौक से लेकर घंटाघर होते हुए गर्ग चौराहा तक की सड़क अत्यंत ही जर्जर और खस्ताहाल हो गई है। कदम-कदम पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे इस मार्ग पर आवागमन बेहद ही खतरनाक हो गया है। इसके अलावा अत्यंत ही व्यस्त मार्ग होने की वजह से यहां दिन में कईयों बार जाम लग रहा है। जाम की वजह से लोगों के साथ ही वाहन चालकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण की मांग को लेकर कांग्रेस नेता नारायण निषाद के नेतृत्व में क्षेत्र के लोगों ने आज सुबह सांकेतिक रूप से प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता नारायण निषाद ने कहा कि नगर निगम द्वारा जगन्नाथ चौक से गर्ग चौराहा तक की सड़क का निर्माण नहीं किया जा रहा है। जिससे इस क्षेत्र के लोगों के साथ ही वाहन चालकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने नगर निगम एवं जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अगले कुछ दिनों तक सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो क्षेत्रीय नागरिकों के साथ ही चक्काजाम किया जाएगा। इसी तरह हीरागंज स्थित पेट्रोल पंप से बिलैया तलैया सब्जी मंडी जाने वाले मार्ग पर अतिक्रमण को हटाकर सड़क के चौड़ीकरण की मांग कांग्रेस नेता द्वारा की गई है। कमिश्नर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि राजस्व अभिलेख में यह क्षेत्र रहवासी क्षेत्र के रूप में दर्ज है और सड़क करीब 20 फुट चौड़ी है लेकिन स्थानीय दुकानदारों द्वारा रेसीडेंसिय क्षेत्र में व्यवसाय करते हुए सड़क पर अतिक्रमण किया गया है, जिससे यह मार्ग पर सकरा हो गया है और जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। कांग्रेस नेता ने नगर निगम आयुक्त से सड़क से अतिक्रमण हटाते हुए चौड़ीकरण की मांग की है।

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
**एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर**
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890



कटनी में पहली बार मल्टी स्लाइस सी.टी.स्कैन मशीन द्वारा सी.टी.स्कैन जाँच सुविधा
प्रतिदिन डायलिसिस सुविधा
24 घंटे एम्बूलेंस
24 घंटे दवाईयां
24 घंटे डिजिटल एक्सरे
24 घंटे एम.एल.सी
अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | हृदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

## सूचना

सूचित किया जाता है यह कि मेरे दस्तावेजों जैसे पेन कार्ड क्र. **AJEPS9750L** एवं आधार कार्ड क्र. 868085286914 में मेरा नाम विमल साहनी ( **VIMAL SAHNI** ) अंकित है तथा मेरे पासपोर्ट क्र. **M1783354** में मेरा नाम विमल कुमार साहनी ( **VIMAL KUMAR SAHNI** ) दर्ज हो गया है। मेरे दस्तावेजों एवं पासपोर्ट में अंकित नाम एक ही व्यक्ति का है। किसी अन्य का नहीं। अतः मेरे पासपोर्ट क्र. **M1783354** में मेरा नाम सुधारते हुए विमल साहनी ( **VIMAL SAHNI** ) दर्ज किया जावे।

**भवदीय- विमल साहनी**
**आत्मज स्व. श्री मुंशीराम साहनी निवासी गुरुद्वारा के बगल में गुरूनानक वार्ड बरही रोड जिला कटनी (म.प्र.)**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी कटनी जिला कटनी

**प्रकरण कमांक/0139/अपील/20-21**

**सूचना-पत्र**

श्री अमृतलाल पटेल वल्द स्व. सुखनंदी पटेल 2. श्री अनुतलाल पटेल वल्द स्व. सुखनंदी पटेल क्र. 01 से 2 निवासी ग्राम कुठला तहसील व जिला कटनी 3. भूरी बाई पटेल पुत्री स्व. सुखनंदी पटेल 4. कल्लू बाई पटेल पुत्री स्व. सुखनंदी पटेल क्र. 3 से 4 निवासी ग्राम झलवारा तहसील-जिला कटनी 5. पान बाई पुत्री स्व. सुखनंदी पटेल निवासी ग्राम कछगवां तहसील व जिला कटनी 6. दसिया बाई पत्नि स्व. सुखनंदी पटेल निवासी ग्राम कुठला तहसील व जिला कटनी।

अपीलार्थी शिवकुमार पटेल वल्द स्व. सुखनंदी पटेल विरुद्ध अमृतलाल पिता स्व. सुखनंदी पटेल व अन्य में न्यायालय तहसीलदार कटनी (नगर) के प्र.क्र. 0299/ **अ-6/20-21** आदेश दिनांक **10.08.2020** के विरुद्ध इस न्यायालय के समक्ष अपील प्रस्तुत की है। जिसकी सुनवाई दिनांक **31.08.2021** को न्यायालय कटनी में होना है। अतः आपको इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त पेशी दिनांक की उपस्थित होकर अपना पक्ष स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत करें, अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

**पेशी दिनांक 31.08.2021** **जारी दिनाक 25.08.2021**

**अनुविभागीय अधिकारी, कटनी**

# ऑक्सीजन, दवाओं की पूरी रात जागकर जानकारी लेते थे मुख्यमंत्री





**कटनी।** कोरोना के दूसरे चरण में जिस तरह से लहर आई थी, वह समय किसी त्रासदी से कम नहीं था। लाखों परिवारों के लोग बीमारी में अपनो से बिछड़ गए। मुक्तिधाम में जगह नहीं मिली और लोग अपनों का अपने हाथ से अंतिम संस्कार तक नहीं कर पाए। ऐसे समय में देश के प्रधानमंत्री ने समय रहते लॉक डाउन लगाकर व्यवस्थाएं कीं तो प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी दिनरात लगे रहे। रात-रातभर जागकर मुख्यमंत्री ऑक्सीजन टेंकर व दवाओं की खेप कहां तक पहुंची, इसकी जानकारी लेते रहते थे। उसका नतीजा है कि हम दूसरी लहर से उबर पाए। यह बात जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने स्लीमनाबाद प्राथमिक स्कूल में बनाए टीकाकरण केन्द्र के निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने लोगों से संवाद किया और कहा कि वैसी त्रासदी फिर न आए इसके लिए जिम्मेदारी पूर्वक सभी वैक्सीन के दोनों डोज अवश्य लें। इस दौरान विधायक प्रणय पांडेय, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी सहित अन्य जन मौजूद थे। प्रभारी मंत्री ने बहोरीबंद तहसील मुख्यालय में कन्या शाला परिसर में बनाए गए टीकाकरण केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर टीका लगवाने आए लोगों से संवाद किया। प्रथम डोज लगवाने आए लोगों से दूसरा डोज अनिवार्य रूप से लगवाने और दोनों डोज लगवा चुके लोगों से अपने परिवार व आसपास के लोगों को प्रेरित करने का आग्रह किया।

## स्लीमनाबाद टीकाकरण केन्द्र में प्रभारी मंत्री ने किया लोगों से संवाद, निरीक्षण कर देखीं व्यवस्थाएं

### उमरियापान, ढीमरखेड़ा केन्द्र पहुंचे प्रभारी मंत्री

भ्रमण के दौरान प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के उमरियापान पहुंचे। जहां पर सरस्वती स्कूल परिसर में बनाए गए टीकाकरण केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। साथ ही टीकाकरण के लक्ष्य को लेकर जानकारी ली। उन्होंने यहां पर भी लोगों से संवाद कर दोनों डोज लगवाने का आग्रह किया। उमरियापान के बाद प्रभारी मंत्री ने ढीमरखेड़ा तहसील मुख्यालय में शासकीय माध्यमिक शाला में बनाए गए केन्द्र का भी निरीक्षण कर लोगों से संवाद किया।



# जब तक पूर्ण टीकाकरण न हो तब तक जारी रखें सेवाकार्य

## झूलेलाल सेवा मंडल के उत्कृष्ट कार्यों की प्रभारी मंत्री ने की सराहना

**कटनी।** देश के प्रधानमंत्री ने कोरोना का दर्द समझा और पूरे देश में निःशुल्क वैक्सीन उपलब्ध कराई। हम उनका आभार मानते हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भी पूरे प्रदेश की जनता की ओर से में आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण ही सबसे मजबूत कवच है, इस बात को लेकर पूरा अमला इसी काम में लगा दिया है ताकि हर व्यक्ति कोविड से सुरक्षित हो जाए। माधवनगर में झूलेलाल सेवा मंडल द्वारा संचालित वैक्सीनेशन सेंटर में लोगों से संवाद के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने यह बात कही। मंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दो दिन का अभियान इसलिए चलाया है कि हर व्यक्ति को पहला व दूसरा डोज वैक्सीन का लग जाए और सेवा मंडल ने संकट के समय में जो सेवा भाव का कार्य प्रारंभ किया है, यह तब तक चलता रहे जब तक पूर्ण टीकाकरण न हो जाए। प्रभारी मंत्री ने सेवा मंडल के कार्यों की सराहना की और सदस्यों का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने भी उपस्थित लोगों से कोरोना के बचाव के लिए वैक्सीन अनिवार्य रूप से लगवाने की अपील की। श्री जायसवाल ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा सभी अपने आसपास के लोगों को भी टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। इससे पहले प्रभारी मंत्री ने भगवान झूलेलाल का पूजन कर माल्यार्पण भी किया।



# सचिवों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**विजयराघवगढ़।** मप्र संविदा रोजगार सहायक संगठन जिला शाखा के पदाधिकारियों ने संगठन के जिलाध्यक्ष शिव मोहन सिंह एवं ब्लॉक अध्यक्ष विकास मिश्रा के नेतृत्व में जिले के प्रभारी एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा से मुलाकात की एवं अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक की भी मौजूदगी रही। प्रभारी मंत्री ने नियमितीकरण एवं हड़ताल काल में हुई कार्यवाही के संबंध में चर्चा की एवं बहाली हेतु अनुरोध किया गया।

# महाअभियान नहीं ये महायज्ञ, टीकाकरण महायज्ञ की आहूति

## बाकल में टीकाकरण केन्द्र का प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण, हायर सेकंडरी भवन निर्माण की दी स्वीकृति



**कटनी।** कोरोना काल आप सभी ने देखा हैए कि कितने लोग हमें छोड़कर चले गएए कितने बच्चे बेहसहारा हो गए। सरकार, प्रशासन, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी संस्थाएं संकट की घड़ी में भी सेवा में जुटी रहीं और आज भी जुटी हैं। भगवान न करे की कोरोना की तीसरी लहर आए और ये तभी संभव है, जब हम वैक्सीन के दोनों डोज लगवाएंगे। यह दो दिन का महाअभियान नहीं है, महायज्ञ है और इसमें टीकाकरण आहुति है। बहोरीबंद तहसील के बाकल टीकाकरण केन्द्र में लोगों से संवाद के दौरान यह बात प्रदेश सरकार के वित्त व जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने कही। उन्होंने कहा कि इस महामारी से बचने का एकमात्र ही उपाय है, वह वैक्सीनेशन है। प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने बाकल क्षेत्र के युवाओं से आव्हान किया कि वे घर-घर जाएं और जो भी टीकाकरण से वंचित हैं, उनको वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करें। इससे पहले बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय ने प्रभारी मंत्री के सामने केन्द्र परिसर में ही हायर सेकेंडरी भवन के निर्माण की मांग जनता की ओर से रखी। जिस पर प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने भवन निर्माण की स्वीकृति की घोषणा की। बाकल में प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने ने विधायक श्री पाण्डेय के साथ टीकाकरण केन्द्र का निरीक्षण का व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने वेक्सीनेशन सेन्टर में टीका लगवाने आए लोगों से दूसरे डोज अवश्य लगवाने का आग्रह किया।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का प्रचार प्रसार



**कटनी।** मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं पी.एम. स्वनिधि योजना के लाभार्थियों से राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से संवाद एवं लाभ वितरण किया जावेगा। मुख्यमंत्री के आज और कल खंडवा अमदरा तथा बालाघाट में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से संवाद कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए निगम के वाहनों के माध्यम से आज नगर के विभिन्न स्थलों मुख्य मार्गो चौराहों मिशन चौक से बरगवां, माधवनगर गेट, कलेक्ट्रेट कार्यालय, झिझरी पुलिस लाईन, संपूर्ण माधवनगर क्षेत्र, रंगनाथ नगर क्षेत्र, चांडक चौक से बस स्टेण्ड पन्ना मोड, गर्ग चौराहा, घंटाघर , सिल्वर टॉकीज रोड, सुभाष चौक सहित नगर के अन्य क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रम के संबंध में मुनादी कराई जाकर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखनें व सुननें एवं हितग्राहियों से कार्यक्रम स्थल में पहुंचनें की अपील की गई।



# किसान संघ की कटनी एवं बहोरीबंद इकाइयां गठित

**कटनी।** भारतीय किसान संघ कटनी तहसील बहोरीबंद की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन संपन्न हुआ। निर्वाचन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष बिहारी लाल निगम एवं प्रांत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का सानिध्य सभी किसानों को मिला एवं प्रांतीय संगठन मंत्री भरत एवं विशेष रूप से कंछेदी सिंह पटेल को बहोरीबंद तहसील का तहसील अध्यक्ष का दायित्व दिया गया।

नरेश पटेल, गुलाब सिंह, सुरेन्द्र , डॉ. गंगाराम, प्रकाश पुरी, रामकिशोर बढ़ई, तुलसीराम, संदीप साहू, भागीरथ, लटोरीलाल, तुलसीराम, नर्बद, हेमंत एवं धवेन्द्र सिंह को कार्यकारिणी सदस्य घोषित किया गया। प्रकाश पुरी एवं रामकिशोर बढ़ई को तहसील उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। तहसील के पूर्व तहसील अध्यक्ष रामकृपाल एवं सभी किसान भाईयों की उपस्थिति रही।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड
1 दिन - 150/-
3 दिन - 250/-
7 दिन - 500/-
15 दिन - 1200/-
30 दिन - 1800/-
साईज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# सफाई को सुचारू रखने जुटा निगम का सफाई अमला





**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था हेतु अनवरत प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सहित निगम के स्वच्छता निरीक्षकों द्वारा रोजाना नगर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जाकर व्यवस्था को सुचारू रखनें हेतु स्वच्छता मित्रों को दिशा निर्देश प्रदान किये जा रहे है। प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगर के विभिन्न मुख्य स्थलों इंदिरा नगर बस्ती, पुरैनी बस्ती एवं पुलिस क्वार्टर के समाने सफाई कार्य, बस स्टेण्ड परिसर, ऑडिटोरिय परिसर, नदीपार स्थित रविदास चौरहा के पास डिवाईडरों की सफाई, राधिका होटल मुख्य मार्ग, नदीपार स्थित मुक्तीधाम परिसर, मसुरहा वार्ड स्थित स्वर्णकार स्कूल गली, जालपा वार्ड स्थित चांडक चौक से शेर चौक शनि मंदिर मुख्य मार्ग, लक्ष्मी भवन रोड सहित सामुदायिक भवन की धुलाई एवं सफाई, घंटाघर, मिशन चौक, बरगवां स्थित ओव्हर ब्रिज के नीचे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित गायत्री मंदिर के पीछे की सफाई का कार्य, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड स्थित एम.जी.एम हास्पिटल मार्ग, फूल मंडी आचार्य विनोवा भावे वार्ड के विभिन्न स्थलों, शिवाजी वार्ड स्थित मस्जिद के पास एवं शमशान भूमि परिसर की सफाई, कावस जी वार्ड स्थित भीमराव चौक से विवेकानंद चौक मुख्य मार्ग तथा शमशान भूमि रोड शमशान परिसर एवं चौक के पीछे वाली रोड, फारेस्टर वार्ड दुर्गा मंदिर रोड, उपनगरीय क्षेत्र स्थित आत्माराम धर्मशाला के पास, शांतिनगर स्थित झूलेलाल मंदिर के आसपास, सहित नगर के अन्य स्थलों में सफाई का कार्य कराया गया। नगर के विभिन्न स्थलों की नालियों की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए चन्द्र शेखर आजाद वार्ड स्थित छैघरा बस्ती की नालियों, जालपा देवी वार्ड स्थित आदर्श कॉलोनी की नालियों, जगमोहन दास वार्ड स्थित वरूण भवन के पास नालियों की सफाई, रामजानकी हनुमान वार्ड स्थित प्रेम नगर बस्ती, कावस जी वार्ड शमशान भूमि के सामनें वाले नाले की सफाई, अंबेडकर वार्ड स्थित गायत्रीनगर मार्ग, फारेस्टर वार्ड स्थित राममिलन के घर के आसपास के नाले एवं पार्षद महोदय के घर के पास की नालियों की सफाई, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड मुख्य मार्ग के बडे नाले, माधवनगर स्थित राय कॉलोनी में नालियों की सफाई एवं खरपतवार की कटाई का कार्य कराया जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

# स्कूलों में दिखेगी पहले जैसी चहल-पहल

## 1 सितंबर से खुलेंगे स्कूल, 50 फीसद उपस्थिति के साथ 6वी से 8वी तक लगेंगी कक्षाएं

कटनी। करीब डेढ़ साल बाद राज्य सरकार के निर्देश पर स्कूलों में पहले जैसी चहल-पहल नजर आएगी। सरकार के निर्देश पर पूरे प्रदेश के साथ ही कटनी जिले में भी आगामी एक सितंबर से माध्यमिक विद्यालयों को खोला जा रहा है। स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति 50 फीसदी ही रखी जाएगी। बच्चों को स्कूल बुलाने के लिए अभिभावकों की सहमति अनिवार्य होगी। सबको कोरोना गाइडलाइन का पालन करना होगा। जिले में शिक्षा विभाग ने माध्यमिक स्कूलों को खोले जाने को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। डीपीसी के के डेहरिया ने बताया कि स्कूलों को खोले जाने के दौरान कोरोना गाइडलाइन का पालन कराया जाएगा।

विदित हो कि कोरोना संक्रमण के चलते अप्रैल 2020 से सभी शासकीय और निजी स्कूलों में ताला लगा हुआ है। स्कूल बंद होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने लगी। जिसको लेकर राज्य सरकार द्वारा मोहल्ला क्लास का संचालन किया गया, जबकि निजी स्कूलों द्वारा ऑनलाइन क्लास शुरू की गई। बच्चों की वार्षिक परीक्षाएं भी ऑनलाइन ही ली गईं। इस साल कोरोना संक्रमण में कमी आने के बाद कक्षा नवमी से लेकर बारहवीं तक की कक्षाओं कां संचालन किया जा रहा है, जबकि प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों को खोलने जाने की मांग निजी स्कूलों द्वारा लगातार की जा रही थी, जबकि सरकार का कहना था कि कोरोना की थर्ड बेव को ध्यान में रखते हुए ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। अगस्त का महीना बीतने और कोरोना संक्रमण का असर कम होने के बाद अब राज्य सरकार ने माध्यमिक विद्यालयों को खोले जाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में तय किया गया कि प्रदेश के शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में 1 सितंबर से 50 प्रतिशत विद्यार्थियों की उपस्थिति में कक्षाएं प्रारंभ की जाएंगी। पूर्व में कक्षा नवमी से बारहवीं तक की कक्षाएं सप्ताह में दो दिन लगी रही थीं, जो अब सभी कार्य दिवसों में लगेंगी। विद्यालयों के प्राचार्य अपने विद्यालय की विद्यार्थी संख्या और उपलब्ध अधोसंरचना के आधार पर कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कक्षावार शालाएं संचालन के संबंध में निर्णय ले सकेंगे। पहली से पांचवीं कक्षा तक के स्कूलों के संचालन पर निर्णय सितंबर के दूसरे सप्ताह में लिया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने छठवीं से बारहवीं तक सभी कक्षाओं के स्कूल संचालन की अनुमति के आदेश भी देर शाम जारी कर दिए।



कोविड-19 गाइडलाइन का पालन और अभिभावकों की सहमति अनिवार्य, स्कूल खोलने शिक्षा विभाग ने शुरू की तैयारियां

### इन शर्तों का करना होगा पालन

स्कूल के सभी स्टाफ को कम से कम एक टीका लगा हो। यदि किसी ने एक टीका भी नहीं लगवाया है, तो उसे तत्काल टीकाकरण कराना होगा। अभिभावकों की सहमति से ही विद्यार्थी उपस्थित हो सकेंगे। प्राचार्य, प्रधान अध्यापक, शाला प्रमुख कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कक्षावार शालाएं संचालन के संबंध में निर्णय ले सकेंगे। शालाओं में कक्षावार नियम दिवसों के अतिरिक्त अन्य दिवसों में ऑनलाइन कक्षाएं पहले की तरह संचालित की जा सकेंगी। दूरदर्शन और इंटरनेट मीडिया वॉटसएप ग्रुप पर शैक्षिक सामग्री का प्रसारण पहले की तरह जारी रहेगा। स्कूलों में केंद्र-राज्य स्तर से जारी दिशानिर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

### इनका कहना है

राज्य सरकार के निर्देश पर आगामी एक सितंबर से जिले के सभी शासकीय स्कूलों को खोला जा रहा है। कक्षा छठवी से लेकर बारहवीं तक की कक्षाएं 50 प्रतिशत बच्चों के साथ संचालित की जाएगी। स्कूल खोले जाने को लेकर तैयारियां की जा रही है। इसके लिए पत्राचार भी किया जा रहा है। इस दौरान कोविड गाइडलाइन का पालन किया जाएगा। शासकीय के साथ ही निजी स्कूल भी संचालित होंगे। यहां कोविड गाइडलाइन का पालन कराने की जिम्मेदारी निजी स्कूल प्रबंधकों की होगी।

**-के के डेहरिया, डीपीसी**



# डिजिटल जीपीएस क्लॉक से यात्रियों को मिलेगी समय की सही जानकारी

## कटनी जंक्शन, कटनी साऊथ और मुड़वारा में डिजिटल तकनीक का उपयोग

**कटनी।** भारतीय रेलवे में डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में पश्चिम मध्य रेलवे में भी डिजिटल तकनीक का उपयोग करते हुए यात्री सुविधाओं में अधिक से अधिक बढ़ोत्तरी की जा रही है। रेलवे में समय



की सही जानकारी गाड़ियों की समयपालनता के लिए बहुत उपयोगी रही है। वर्तमान में रेलवे में समय के लिए डिजिटल जीपीएस क्लॉक का ही उपयोग किया जा रहा है। पमरे के तीनों मण्डलों के 83 स्टेशनों पर डिजिटल जीपीएस क्लॉक स्थापित किया गया है। जिसमे जबलपुर मंडल के अंतर्गत जबलपुर, मदनमहल, श्रीधाम, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, सिहोरा, कटनी साउथ, कटनी जंक्शन, कटनी मुड़वारा, ब्यौहारी, मैहर, सतना, रीवा, रीठी, सैलया, बांदकपुर, बखलेटा, दमोह, पथरिया, गणेशगंज, घटेरा, जरुआखेड़ा, खुरई, सागर एवं मालखेड़ी स्टेशनों पर डिजिटल जीपीएस क्लॉक स्थापित किया गया है। इन डिजिटल जीपीएस क्लॉक में कई विशेषताएं है, जिससे यात्रियों को सही, सटीक समय की जानकारी प्राप्त होती है। इस जीपीएस सिस्टम को सैटेलाइट के साथ सिंक्रनाइज करके समय को 24 घंटे उपडेट रखता है। जीपीएस क्लॉक सिस्टम में इथरनेट डिस्प्ले के साथ समय को टाइम जोन से समायोजित रखता है। ये डिजिटल डिस्प्ले काफी मजबूत रहते हैं। इसका कैबिनेट एलुमिनियम का बना होता है। सैटेलाइट संचार नेटवर्क प्रणाली का रेलवे नेटवर्क के साथ बेहतर सिंक्रनाइज किया गया है। प्रत्येक जीपीएस क्लॉक को सैटेलाइट सिग्नल के माध्यम से समय का सही डेटा उपलब्ध कराने उपयोगी साबित होगी। प्रत्येक जीपीएस रिसीवर सिग्नल के माध्यम से डीकोड करते हुए उसे सिंक्रनाइज करते हैं। पश्चिम मध्य रेल द्वारा वर्ष 2021-22 में डिजिटल जीपीएस क्लॉक को अधिक से अधिक स्टेशनों पर स्थापित कर यात्री सुविधाओं को विस्तार करने में प्रयास किया जा रहा है।

# सिंगरौली रेलखंड की 6 ट्रेनें निरस्त

## परिवर्तित मार्ग से चलेंगी कुछ ट्रेनें,30 अगस्त से 8 सितंबर तक कई ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

**कटनी।** जबलपुर रेल मंडल के कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर मझौली व देवराग्राम स्टेशनों के मध्य रेल लाइन दोहरीकरण का काम शुरू किया गया है। इसके तहत देवराग्राम एवं मझौली स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य होना है। इसलिए कुछ गाड़ियों को निरस्त एवं कुछ को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।

### इन ट्रेनों को रेलवे ने किया निरस्त

-02365 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस स्पेशल 28 अगस्त, 1 एवं 4 सितंबर को निरस्त रहेगी।

-02366 सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस स्पेशल 31 अगस्त, 2 एवं 7 सितंबर को निरस्त रहेगी।

-03025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस स्पेशल 30 अगस्त एवं 6 सितंबर को निरस्त रहेगी।

-03026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस स्पेशल 1 एवं 8 सितंबर को निरस्त रहेगी।

-09414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस स्पेशल 28 अगस्त एवं 4 सितंबर को निरस्त रहेगी।

-09413 अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस स्पेशल 1 सितंबर को निरस्त रहेगी।

### परिवर्तित मार्ग से चलेंगी ये ट्रेनें

-2 सितंबर को 09607 कोलकाता-मदार जंक्शन एक्सप्रेस स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया धनबाद, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, कटनी मुड़वारा होकर चलाई जाएगी।

-30 अगस्त एवं 6 सितंबर को 09608 मदार जंक्शन-कोलकाता एक्सप्रेस स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया कटनी मुड़वारा, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, धनबाद होकर गन्तव्य को जाएंगी।

# हरछठ : महिलाओं ने की पुत्र की लंबी उम्र की कामना

## भक्तिमय माहौल में मनाया भगवान बलराम का जन्मोत्सव



**कटनी।** भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी को भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई भगवान बलराम के जन्मोत्सव के रूप में हलषष्ठी पर्व प्रतिवर्ष मनाया जाता है। हलषष्ठी पर्व महिलाओं द्वारा आज घरों में भक्तिमय माहौल के बीच उत्साह के साथ पर्व मनाया गया। पुत्र की लंबी उम्र की कामना व सुख समृद्धि को लेकर महिलाओं द्वारा हलषष्ठी माता की पूजा अर्चना की गई। बलराम का प्रमुख शस्त्र हल व मूसल है, जिससे इन्हें हलधर भी कहा जाता है। वृतधारी महिलाओं ने हलषष्ठी की पूजा में चना, गेहूं, जौ, अरहर, मक्का व मूंग चढ़ाने के बाद हरी कजरियां चढ़ाया। पूजन के बाद भैंस के दूध के मक्खन का हवन कर आरती पश्चात प्रसाद का वितरण किया। इस पर्व को लेकर कल शनिवार को बाजारों में पूजन सामग्री खरीदने काफी चहल-पहल रही।

### एक स्थान पर एकत्रित होकर महिलाओं ने की पूजा

भारतीय संस्कृति के अनुसार पुरातन समय से ही पुत्रवती माताओं ने पुत्र की लंबी उम्र की कामना को लेकर हलषष्ठी माता की पूजा अर्चना की। वृतधारी महिलाओं ने सुबह महुआ की दातुन व स्नान ध्यान कर गौरी गणेश की पूजा की। सभी महिलाएं एक स्थान पर एकत्रित हो हलछठ माता की स्थापना कर पूजन सामग्री चढ़ाई गई। पूजन बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

### बाजार में रही चहल-पहल

शुक्रवार को हलषष्ठी पर्व को लेकर जगह-जगह बाजार में पूजन सामग्री की दुकान सजी रही। इन दुकान में महिलाओं की पूजा सामग्री खरीदने काफी भीड़ देखी गई। बांस से बनी टोकरी व पारणा की काफी बिक्री हुई। इसके अलावा फलों की दुकानों में ग्राहकों की भीड़ रही। पर्व को लेकर बाजार से देर शाम तक काफी चहल-पहल रही। इस दौरान लोगों ने कोरोना संक्रमण को लेकर जारी की गई गाइड लाइन का भी पालन नहीं किया।

### लाई प्रसाद का किया वितरण

व्रतधारी महिलाओं ने बताया कि हलषष्ठी माता की पूजा संतान प्राप्त माताओं द्वारा पुत्र की लंबी उम्र की कामना के लिए की जाती है। इस पर्व में गाय के दूध का उपयोग नहीं किया जाता है। भैंस के दूध व दही का उपयोग किया जाता है। पूजा अर्चना कर महिलाओं को बांस की टोकरी व महुआ के पत्ते का बना दोना में लाई व प्रसाद वितरण किया जाता है।


## नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार दूसरा सप्ताह

रोजाना 3 शो ता. 19 से दोपहर 12, 3 एवं सायं 6 बजे से

**बेल बॉटम**


कलाकार-अक्षय कुमार, लारा दत्ता, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी आदि।

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033




## सिटी मॉल बरही रोड में




शानदार दूसरा सप्ताह

रोजाना 3 शो ता. 19 से दोपहर 1,4 एवं 7 बजे से

कलाकार- अक्षय कुमार, लारा दत्ता, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी आदि।

**BELL BOTTOM**

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

## सिटी मॉल बरही रोड में




बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म

रोजाना 3 शो ता. 27 से दोपहर 12.30,3.30 एवं 6.30 बजे से

कलाकार- अमिताभ बच्चन, इमरान हाशमी, रिया चक्रवर्ती,अन्नू कपूर आदि।

**चेहरे**

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION साईंनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION साईंनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोटः- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)